भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक 16/09/2019 को एक अर्द्ध दिवसीय विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन

भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रचार – प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में हिंदी पखवाड़ा की अवधि में दिनांक 16/09/2019 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक विशेष अर्द्ध दिवसीय दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर के विभिन्न विभागों के कुल 43 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो कार्यालय के श्री असीम कुमार, हिंदी अनुवादक ने राजभाषा नीति एवं भाषा आदि विषयों पर अपने व्याख्यान दिए ।

अपने व्याख्यान में श्री असीम कुमार ने प्रतिभागियों के समक्ष भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी तथा हिंदी में कार्य करने के आसान व सरल तरीके बताते हुए भारतीय संविधान में हिंदी के प्रावधानों की जानकारी दी । यह कार्यशाला सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी । कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने अपनी विशेष रूचि दिखाते हुए अपनी समस्याओं का निवारण किया ।

अंत में श्री किशोर डी. पारधी, हिंदी अनुवादक द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।

16/09/2019 11:23

भारतीय खान ब्यूरो,नागपुर
16/09/2019 11:24

16/09/2019 11:24

16/09/2019 11:44